an>

Title:Regarding Iron and Ore Repository at Karauli Village.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर, राजस्थान की ओर से धन्यवाद देता हूं।

महोदय, करौली जिले के जगर, खरैटा गांवों सहित आस-पास करीब 20 किलोमीटर के काले पत्थरों की पहाड़ी क्षेत्र में करीब 30 से 40 प्रतिशत लौह व अयस्क होने के प्रमाण मिल चुके हैं। जिसके लिए पूर्व मे सरकार के निर्देश पर निजी कंपनियों द्वारा सर्वे किया गया था। निजी कंपनियों द्वारा मशीनों से गहराई नापकर सैम्पल एकत्रित किए गए तथा उन्हें लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया, लेकिन वर्तमान में इस योजना के लिए कार्य की गति मंद पड़ गयी है।

महोदय, मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि यदि इस कार्य को अधिक गति देकर प्रारंभ कराया जाए तो यहां लौह व अयस्क के भंडार मिल सकते हैं। साथ ही करौली जिले में इसका कार्यालय व प्लांट लगाया जाए तो यहां के हजारों लोगों को रोजगार मिलने के साथ सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो सकेगा, जिससे करौली जिले के साथ ही राजस्थान और देश की तस्वीर व तकदीर बदल सकती है। धन्यवाद।